Seventeenth Loksabha

>

Title: Request for acquiring of land and construction of Kendriya Vidyalaya in Maharajganj, Bihar

श्री जनार्दन सीग्रीवाल (महाराजगंज): माननीय अध्यक्ष जी, यह मामला मेरे संसदीय क्षेत्र के छात्रों और अभिवावकों से जुड़ा हुआ है । मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज, बिहार में वर्ष 2012 में केंद्रीय विद्यालय महाराजगंज जिला सिवान की स्थापना हुई थी । केंद्रीय विद्यालय स्थापना काल के बाद से ही आज तक श्री गौरी शंकर हाई स्कूल उज्जैन दुरौंदा जिला सिवान के परिसर में यह विद्यालय चल रहा है । भवन आज भी नहीं है और जमीन की आवश्यकता है ।

मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विभाग के माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि महाराजगंज केंद्रीय विद्यालय के लिए जमीन और भवन निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराएं ।

माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का समय दिया, आपके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री जनार्दन सीग्रीवाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

KUMARI AGATHA K. SANGMA (TURA): Mr. Speaker, Sir, I thank you very much for giving me an opportunity to speak.

माननीय अध्यक्ष : कुमारी अगाथा के. संगमा, आपको कल भी मौका दिया था, कल आप उपस्थित नहीं थीं ।